**प्रदर्शन** — कांग्रेस नेताओं ने कहा- दूषित पानी से इंदौर में हुई 16 मौतें, दुख जताने की बजाय भाजपा विधायक मना रहे जश्न

# दूषित पेयजल मुद्दे पर कांग्रेस ने घेरा विधायक निवास



**नवभारत, कटनी।** इंदौर में नगर निगम द्वारा सप्लाई किए गए दूषित पेयजल को पीने से 16 निर्दोष नागरिकों की मौत और भाजपा सरकार के मंत्री कैलाश विजयवर्गीय द्वारा गैरजिम्मेदाराना रवैया अपनाते हुए कहे गए अशब्द के विरोध में कांग्रेस पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने रविवार को विधायक संदीप जायसवाल के घर का घेराव किया। इस दौरान कांग्रेस नेताओं ने कहा कि इंदौर में हुई घटना कोई सामान्य घटना नहीं, बल्कि भाजपा शासन की घोर लापरवाही, निकम्मेपन और उदासीनता का परिणाम है। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि प्रदेश के इंदौर में हुई 16 मौतों पर दुख जताने की बजाय भाजपा नेता जश्न मना रहे हैं। शहर कांग्रेस अध्यक्ष अधिवक्ता अमित शुक्ला ने कहा कि कहा कि जब विधायक निवास का दूषित पेयजल मुद्दे को लेकर घेराव किए जाने के दौरान वहां पर हैरान करने देने वाला नजारा था, भाजपा विधायक के घर पर डीजे बज रहे थे, गाना चल रहा था। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि यह नजारा किसी सत्ता पक्ष का नहीं, बल्कि निर्मम, पत्थरदिल और नैतिक रूप से दिवालिया लोगों का प्रतीक है। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि यह सिर्फ असंवेदनशीलता नहीं, बल्कि मौतों पर जश्न मनाने की मानसिकता है। यह साफ दर्शाता है कि भाजपा के लिए जनता की जान की कीमत शून्य है। घेराव के दौरान कांग्रेस नेताओं ने पूछा कि क्या दूषित पानी पीने से हुई 16 मौतें भाजपा के लिए कोई मज़ाक हैं, क्या सत्ता का नशा इतना चढ़ गया है कि लाशों पर भी डीजे बजाए जा रहे हैं, भाजपा विधायक और उनके कार्यकर्ताओं का यह कृत्य अमानवीय, घृणित, शर्मनाक और निंदनीय से भी आगे है। यह व्यवहार साबित करता है कि भाजपा अब जनसेवा नहीं, जनसंहार की राजनीति कर रही है। घेराव के दौरान कांग्रेस ने चेतावनी देते हुए कहा कि मौतों पर जश्न मनाने वालों को जनता कभी माफ नहीं करेगी। जो लोग शोक की घड़ी में भी नाच-गाना करें, उन्हें सत्ता में रहने का कोई नैतिक अधिकार नहीं है। कांग्रेस ने मांग की है कि इंदौर जल त्रासदी की न्यायिक जांच कराई जाए, दोषी अधिकारियों और जिम्मेदार जनप्रतिनिधियों पर आपराधिक प्रकरण दर्ज हों, संबंधित भाजपा विधायक अपने इस घिनौने और शर्मनाक आचरण के लिए जनता से बिना शर्त माफी मांगे। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि यह कांग्रेस का नहीं, बल्कि प्रदेश की जनता का आक्रोश है। प्रदर्शन के दौरान करण सिंह चौहान, राकेश जैन, रजनी वर्मा, जालिम यादव, राजेश जाटव, मौसूफ अहमद, अंशु दिव्यांशू मिश्रा, मुकेश परोहा, रंजीत सिंह, सुशील जायसवाल, अजय जैसवानी, शेख सिकंदर संजय गुप्ता, आदिता वर्मा, सुमन रजक सहित काफी संख्या में कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।



## रजिस्ट्रार ऑफिस खोलें, बनाए सरकारी अस्पताल

**बहोरीबंद को जिला बनाने की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन**

**नवभारत, बहोरीबंद।** भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा बहोरीबंद विधायक प्रणय पांडेय के निवास पहुंचकर ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन के माध्यम से बहोरीबंद को जिला बनान सहित अन्य मांगे शामिल है। ज्ञापन के माध्यम से प्रस्तावित सिविल न्यायालय को जल्द से जल्द खोले जाने, बहोरीबंद में रजिस्ट्रार ऑफ़िस खोले जाने, बहोरीबंद में सरकारी अस्पताल बनाए जाने, सिंदुरसी से मोहाई तक रोड के दोनो ओर पेबर ब्लाक लगवाने, बहोरीबंद नगर का सौंदर्यीकरण कराए जाने, मुख्यमंत्री द्वारा घोषित ग्राम पंचायत बहोरीबंद को जल्द से जल्द नगर पंचायत बनाए जाने की प्रक्रिया को पूरा करने की मांग की गई। इस अवसर पर विधायक प्रणय पांडेय द्वारा सभी मांगों को पूरा कराने का प्रयास करने का आश्वासन दिया गया।

विधायक ने कहा कि ज्ञापन की मांगों के संबंध में मुख्यमंत्री से मिलकर चर्चा की जाएगी। विधायक ने कार्यकर्ताओं से बताया कि न्यायधीश आवास बनकर तैयार हो गया है, न्यायालय भवन निर्माण की राशि भी आ गई है, कूड़न जलाशय के लिए दो करोड़ और रूपनाथ धाम के लिए 6 करोड़ की लागत से सौंदर्यीकरण किया जाएगा। बहोरीबंद जिला बनाने संबंधी मांग को लेकर मुख्यमंत्री से चर्चा कर मांग के संबंध में जानकारी दी जाएगी। ज्ञापन सौंपने के दौरान काफी संख्या में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।

### एक नजर में

## 31 जनवरी मिलेगा सरचार्ज में डिस्काउंट का लाभ

**नवभारत, कटनी।** मध्यप्रदेश सरकार की समाधान योजना 2025-26 के प्रथम चरण की अवधि एक माह और बढ़ा दी गई है। जानकारी के अनुसार बकायादार उपभोक्ताओं की भागीदारी और उनके उत्साह को देखते हुए योजना के प्रथम चरण की अवधि अब 31 जनवरी 2026 कर दी गई है। पिछले साल 3 नवंबर से शुरू हुई समाधान योजना 2025-26 में शामिल होकर लाखों बकायादार उपभोक्ताओं ने सौ फीसदी तक छूट का लाभ लिया। तीन माह से अधिक के बकायादार उपभोक्ता योजना के प्रथम चरण में शामिल होकर अपना बकाया बिल एकमुश्त जमा करके 100 फीसदी तक सरचार्ज माफी का लाभ उठा सकते हैं। यह योजना उन बकायादार उपभोक्ताओं के लिए वरदान बनी है जो सरचार्ज के कारण मूलधन राशि जमा नहीं कर पा रहे थे। अब उन्हें समाधान योजना के प्रथम चरण में सरचार्ज में 60 से लेकर 100 प्रतिशत तक छूट के साथ एकमुश्त या किस्तों में भुगतान करने का विकल्प मिल रहा है। समाधान योजना 2025-26 का उद्देश्य 3 माह से अधिक अवधि के उपभोक्ताओं को बकाया विलंबित भुगतान के सरचार्ज पर छूट देना है। यह योजना जल्दी आएं, एकमुश्त भुगतान कर ज्यादा लाभ पाएं के सिद्धांत पर आधारित है। इस योजना में उपभोक्ता को प्रथम चरण में एकमुश्त भुगतान करने पर सबसे अधिक लाभ हो रहा है जबकि द्वितीय चरण के दौरान छूट का प्रतिशत कुछ कम हो जाएगा। योजना दो चरणों में शुरू होकर प्रथम चरण की शुरुआत 3 नवंबर 2025 से 31 जनवरी 2026 तक चलेगी। इसमें बकाया बिल एकमुश्त जमा करने पर 60 से लेकर 100 प्रतिशत तक सरचार्ज माफ किया जा रहा। द्वितीय और अंतिम चरण शुरू होगा जो कि 01 फरवरी से 28 फरवरी 2026 तक चलेगा, दूसरे चरण में 50 से 90 फ़ीसदी तक सरचार्ज माफ किया जाएगा। घरेलू और कृषि उपभोक्ता बकाया राशि का 10 प्रतिशत, गैर घरेलू और औद्योगिक उपभोक्ता बकाया राशि का 25 प्रतिशत भुगतान कर पंजीयन कराकर योजना में शामिल होकर लाभ उठा सकते हैं।

## खेत में मृत हालत में मिला लापता युवक

**चार से दिन से लापता था, पुलिस ने शुरू की जांच**



**नवभारत, बाकल।** जिले के बाकल थाना अंतर्गत खमतरा गांव निवासी सचिन पिता वीरन सिंह लोधी (24) का शव रविवार को गांव के कटरा घर के पास खेत में मिला है। युवक पिछले चार दिनों से घर से लापता था, जिसकी गुमशुदगी 31 दिसंबर को बाकल थाना में दर्ज कराई गई थी। रविवार को युवक को शव मिलने की सूचना पुलिस को दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने युवक के शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मर्ग प्रकरण दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। बाकल थाना प्रभारी प्रशिक्षु डीएसपी शिवा पाठक ने बताया कि युवक के गले में कपड़े का फंदा पाया गया है। प्रारंभिक जांच और शॉर्ट पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर प्रथम दृष्टया मामला फांसी लगाकर आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है। पुलिस का कहना है कि मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगा। पुलिस इस मामले के सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच कर रही है।

## आधुनिक और तकनीक आधारित पुलिसिंग करें, अपराधियों पर की जाए सख्त कार्रवाई

**कंट्रोल रूम में आयोजित बैठक में एसपी ने दिए निर्देश**




**नवभारत, कटनी।** पुलिस कंट्रोल रूम में आयोजित समीक्षा बैठक में पुलिस अधीक्षक अभियन विश्वकर्मा ने वर्ष 2026 के लिए जिला पुलिस के लक्ष्य तय करते हुए समयबद्ध और परिणाममुखी कार्यप्रणाली पर जोर दिया। आधुनिक और तकनीक आधारित पुलिसिंग, अपराधियों पर सख्त कार्रवाई, विवेचना की गुणवत्ता सुधार, जनजागरूकता और सड़क सुरक्षा को प्राथमिकता देने के स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं। बैठक के दौरान वर्ष 2025 में उत्कृष्ट कार्य करने वाले थाना प्रभारियों और अधिकारियों को विभिन्न श्रेणियों में कैश रिवार्ड और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि अपराधियों के विरुद्ध फुल फोर्स ऑफ लॉ की नीति अपनाई जाए। थाना प्रभारी से लेकर बीट प्रभारी, आरक्षक स्तर तक प्रत्येक पुलिसकर्मी अपनी जवाबदारी और लक्ष्य स्वयं तय कर तत्काल प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करे। विवेचना की गुणवत्ता में सुधार के लिए विवेचकों को तकनीकी और मैदानी रूप से अधिक दक्ष बनने के निर्देश दिए गए। बैठक में प्रत्येक थाना प्रभारी को अपने क्षेत्र की प्रत्येक ग्राम पंचायत में पुलिस चौपाल आयोजित करने, ग्रामीण क्षेत्रों में सीसीटीवी कैमरों की उपयोगिता, सायबर अपराध के प्रति जागरूकता, सड़क सुरक्षा, हेलमेट के अनिवार्यता जैसे विषयों पर आमजन को जागरूक करने के लिए निर्देशित किया गया। साथ ही संपत्ति संबंधी अपराधों पर विशेष फोकस कर जिम्मेदार और संवेदनशील पुलिसिंग करने के निर्देश दिए गए। नव वर्ष के दौरान विधि-व्यवस्था संधारण, अपराध नियंत्रण, यातायात व्यवस्था और आम नागरिकों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने, संवेदनशील क्षेत्रों में सतर्कता बढ़ाने, प्रभावी गश्त, असामाजिक तत्वों पर कड़ी कार्रवाई करने के स्पष्ट निर्देश भी दिए गए। बैठक में पुलिस अधीक्षक द्वारा 2025 में विभिन्न मापदंडों पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले थाना प्रभारियों को कैश रिवार्ड और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। सडक सुरक्षा के तहत् नशे में वाहन चलाने वालों चालकों को खिलाफ मोटर व्हीकल एक्ट के तहत सबसे अधिक कार्रवाई करने पर शहरी क्षेत्र में थाना कोतवाली प्रभारी निरीक्षक राखी पांडेय और देहात क्षेत्र में बडवारा थाना प्रभारी केके पटेल को कैश रिवार्ड और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। गुम बालक-बालिकाओं की दस्तयाबी में अच्छा कार्य करने पर थाना प्रभारी रीठी शाहिद खान को कैश रिवार्ड और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के संतुष्टिपूर्वक निराकरण करने के मामले में ढीमरखेड़ा थाना प्रभारी अभिषेक चौबे को कैश रिवार्ड और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। महिला संबंधी अपराधों में 60 दिन के अंदर सर्वाधिक प्रकरणों में विवेचना पूरी करने पर माधवनगर थाना प्रभारी संजय दुबे को कैश रिवार्ड और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

## इंदौर जैसी घटना को रोकने शुरू की गई पेयजल की जांच, अब तक लिए गए 67 सैंपल, कंट्रोल रूम भी बना

**कलेक्टर के निर्देश पर पेयजल पाइप लाइन की जांच शुरू**



**नवभारत, कटनी।** दूषित पेयजल के कारण इंदौर के भागीरथपुरा क्षेत्र में हुई दुखद घटना के मद्देनजर कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर नगर निगम द्वारा साफ पेयजल उपलब्ध कराने और लीकेज सहित दूषित जल शिकायतों के निराकरण के लिए ठोस गंभीर प्रयास किए जा रहे हैं।

पानी की सैंपलिंग की जा रही है। कलेक्टर के निर्देश पर हेल्पलाइन सेवा शुरू की गई है। जिसका मोबाइल नंबर 9351136230 है। कलेक्टर ने नगर निगम की प्रतिदिन की जलापूर्ति व्यवस्था पर कड़ी निगरानी रखने और व्यवस्थाओं को चाक-चौबंद रखने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर के निर्देश के बाद नगर निगम की जल प्रदाय शाखा पूरी सक्रियता से नगर के सभी वार्डों की पाइप लाइनों के निरीक्षण और संधारण व मरम्मत कार्य प्रारंभ कर दिया है। निगमायुक्त पाइप लाइनों की लीकेज और जल आपूर्ति व्यवस्था पर कड़ी नजर बनाए हुए हैं, ताकि शहरवासियों को हर हाल में साफ पेयजल की ही आपूर्ति सुनिश्चित हो। इस दौरान कही भी कमियां पाए जाने पर तत्काल ही आवश्यक सुधार का कार्य किया जा रहा है। विशेष रूप से उन क्षेत्रों को चिन्हित किया गया है, जहां पर सीवर कार्य के दौरान गंदे पानी या पाइप लाइन लीकेज की शिकायतें प्राप्त हुई थीं। नगर निगम के अधिकारियों को दो टूक लहजे में हिदायत दी गई है कि शुद्ध पेयजल आपूर्ति में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं बरती जाए। कलेक्टर के निर्देश के बाद स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने नगर निगम के जल विभाग द्वारा शहर के विभिन्न हिस्सों से पेयजल के सैंपल लेना शुरू किया गया है। जिसके तहत शनिवार को विभिन्न वार्डों से पानी के 25 सेंपल और रविवार को 42 सैंपल को मिलाकर 67 सैंपलिंग की गई हैं। इनके जांच के बाद पानी के सभी नमूने मानक गुणवत्ता के पाए गए। नगर निगम द्वारा पेयजल सप्लाई दूषित होने संबंधी शिकायतों पर भी पूरी संवेदनशीलता के साथ तत्काल कार्रवाई कर आवश्यक सुधार कार्य कराए जा रहे हैं। जल प्रदाय शाखा की टीम को अलर्ट रहने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि जनसामान्य को शुद्ध पेयजल की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके। नागरिकों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए नगर निगम द्वारा हेल्पलाइन नंबर किया गया है। नागरिक फिल्टर प्लांट स्थित कार्यालय के इस हेल्पलाइन नंबर पर संपर्क कर पेयजल संबंधी शिकायतों का निराकरण करा सकते है। नगर निगम के अधिकारियों ने शहरवासियों से कहा है कि कहीं से पाइप लाइन में लीकेज या दूषित पानी की समस्या हो, तो तत्काल हेल्पलाइन नंबर पर पर सूचित करें, ताकि समय रहते आवश्यक सुधार किया जा सके।

### सात जनवरी तक जमा होंगी प्रविष्टियां

**नवभारत, कटनी** भारत निर्वाचन आयोग ने वर्ष 2025 में बेस्ट कैम्पेन ऑफ वोटर्स, एजुकेशन एण्ड अवेयरनेस कार्यक्रम चलाने वाले मीडिया संस्थानों के लिए 4 श्रेणियों में पुरस्कार देने का निर्णय लिया है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्रिंट मीडिया, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया, इलेक्ट्रॉनिक रेडियो मीडिया और ऑनलाइन इंटरनेट सोशल मीडिया श्रेणी में वर्ष 2025 में उत्कृष्ट योगदान देने वालों को पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। प्रविष्टियां 7 जनवरी 2026 तक आमंत्रित की गई हैं। प्रविष्टियां भारत निर्वाचन आयोग, अशोका रोड, नई दिल्ली भेजी जा सकती हैं।

## सार्वजनिक स्थानों पर कचरा फैलाने पर जुर्माना

**शहर भ्रमण कर कचरा फैलाने वालों को किया जा रहा चिन्हित**




**नवभारत, कटनी।** शहर को स्वच्छ बनाए रखने के लिए साफ-सफाई कराने के साथ ही गंदगी करने वालों पर भी जुर्माना कार्रवाई की जा रही है। नगर निगम के स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी ने बताया कि निरीक्षण के दौरान मिशन चौक, मीट मार्केट, शहरी क्षेत्र सहित कलेक्ट्रेट के के सामने, सार्वजनिक स्थानों पर कचरा और गंदगी फैलाने पर तीन हजार रूपए का जुर्माना लगायागया है। नगर निगम की टीम द्वारा दुकान संचालकों को हिदायत दी जा रही है कि वे शहर को साफ-स्वच्छ और सुंदर बनाए रखने के लिए नगर निगम का सहयोग करें। दुकान से निकलने वाले कचरे को डस्टबिन में डालें और कचरा वाहन आने पर डस्टबिन का कचरा वाहन में दें। नगर निगम की टीम ने स्पष्ट तौर पर कहा है कि शहर को स्वच्छ बनाए रखने में बाधा उत्पन्न करने वालों को के खिलाफ जुर्माना कार्रवाई की जाएगी।

## गणतंत्र दिवस की शाम होगा भारत पर्व कार्यक्रम, लगी अधिकारियों की ड्यूटी



**नवभारत, कटनी।** प्रतिवर्ष की तरह आगामी 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस की संध्या पर नगर पालिक निगम ऑडिटोरियम भवन कटनी में शाम 4 बजे से लोकतंत्र के लोक उत्सव भारत पर्व का आयोजन किया जाएगा। भारत पर्व के आयोजन और स्थानीय व्यवस्थाओं के लिए कलेक्टर आशीष तिवारी ने अधिकारियों को कार्य दायित्व सौंपे हैं। जारी आदेश के अनुसार लोकतंत्र के लोक उत्सव भारत पर्व के सफल आयोजन और सम्पूर्ण व्यवस्थाओं के लिए नगर निगम उपायुक्त शैलेष कुमार गुप्ता को नोडल अधिकारी बनाया गया है। उन पर कार्यक्रम स्थल की साफ-सफाई, लाइट, माइक, टेंट, बैठक व्यवस्था, स्वल्पाहार, पानी और अन्य सभी व्यवस्थाओं की जिम्मेदारी होगी। जबकि कटनी एसडीएम प्रमोद कुमार चतुर्वेदी, तहसीलदार शहर आशीष अग्रवाल और राजस्व अधिकारी जागेश्वर पाठक को जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को आमंत्रण पत्र, मंचासीन अतिथियों की व्यवस्था करने का कार्य सौंपा गया है। डाइट व्याख्याता राजेंद्र असाटी, पूर्व प्राचार्य श्रीमती सीमा जैन और आनंदम विभाग से अनिल कांबले मंच संचालन करेंगे और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रूपरेखा अपर कलेक्टर से अनुमोदित कराएंगे। वहीं डिप्टी कलेक्टर ज्योति लिल्हारे, शासकीय कन्या महाविद्यालय की प्राचार्य श्रीमती चित्रा प्रभात, महिला बाल विकास विभाग की सहायक परियोजना अधिकारी वनश्री कुर्वेती और शासकीय तिलक महाविद्यालय की प्राध्यापक माधुरी गर्ग को स्थानीय सांस्कृतिक कार्यक्रमों का चयन कर अनुमोदन के बाद प्रस्तुति कराने की जिम्मेदारी दी गई है। संयुक्त कलेक्टर जितेंद्र पटेल, कटनी एसडीएम और तहसीलदार कटनी नगर को जिले के बाहर से आने वाले कलाकारों के लिए समन्वय, रुकने, भोजन और वाहन की व्यवस्था भी सुनिश्चित करनी होगी।

**समीक्षा** — नगर निगम के राजस्व शाखा के कर वसूली कार्यों की आयुक्त ने की समीक्षा, लक्ष्य आधारित कर वूसली के दिए निर्देश

# नगर निगम की रीढ़ हैं राजस्व शाखा, शहर के अधिकांश विकास कार्य आय पर ही निर्भर



समीक्षा बैठक के दौरान राजस्व विभाग के सत्यनारायण मिश्रा, संतोष बिरहा, धमेन्द्र परौहा, संतोष गौतम, शैलेन्द्र कुंडे, पुरुषोत्तम तिवारी, रमाकांत रावत, विश्राम कोल, अजय निगम, अरुण पाठक द्वारा लक्ष्य के अनुसार कर वसूली नहीं करने पर नगर निगम आयुक्त ने नाराजगी व्यक्त की।

**नवभारत, कटनी।** नगर निगम आयुक्त तपस्या परिहार ने बैठक कर नगर निगम के राजस्व शाखा के कार्यों की समीक्षा कर लक्ष्य आधारित कर वसूली करने के निर्देश दिए हैं। बैठक में आयुक्त ने कहा कि राजस्व शाखा नगर निगम की रीढ़ है, नगर के अधिकांश विकास कार्य राजस्व आय पर ही निर्भर है। लिहाजा राजस्व विभाग के सभी अधिकारी-कर्मचारी अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा और लगन के साथ करें। नगर निगम आयुक्त ने कहा कि किसी भी कर्मचारी को कार्य के दौरान कोई परेशानी हो तो खुलकर बताएं, ताकि उसके निराकरण के प्रयास समय रहते कर सकें। नगर निगम आयुक्त ने कहा कि प्रतिदिन बकायादारों से घर-घर जाकर कर वसूली के कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। निगमायुक्त ने कहा कि जिन वार्डों में कर की कम वसूली हुई है उन वार्डों में कर वसूली के कार्यों प्रतिदिन समीक्षा कर सहयोग करने के लिए सहायक राजस्व अधिकारी को निर्देशित किया है। कर की कम वसूली करने वाले कर्मचारियों को अगले सप्ताह तक वसूली कार्य में तेजी नहीं लाने और पांच प्रतिशत से कम कर वसूली करने वाले कर्मचारियों के वेतन आहरण रोकने और नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। बैठक में आरएसआई प्रमोद खरे और लवकुश तिवारी द्वारा कर वसूली कम किए जाने पर दोनों को लक्ष्य के अनुसार वसूली करने के निर्देश दिए गए। बैठक के दौरान सचिन तिवारी द्वारा 90 प्रतिशत साप्ताहिक वसूली किए जाने पर उनके कार्यों की सराहना की गई और सभी अधिकारी-कर्मचारियों को उन्हीं की तरह कर वसूली किए जाने के लिए प्रोत्साहित किया गया। जलकर शाखा की साप्ताहिक वसूली के दौरान प्रगति संतोषजनक नहीं होनें पर निगमायुक्त द्वारा नाराजगी व्यक्त की गई और वित्तीय वर्ष की समाप्ति के पहले कर वसूली का लक्ष्य हासिल करने के लिए कहा गया। आयुक्त ने कहा कि बड़े बकायादारों की सूची तैयार करते हुए निगम की अन्य शाखाओं के अधिकारी कर्मचारियों की टीम गठित करते हुए नल कनेक्शन काटने की कार्रवाई की जाए। बैठक के दौरान निगमायुक्त द्वारा आवास रिकवरी के बीएलसी के प्रकरणों पर कार्रवाई करने और की गई कार्रवाई की जानकारी अगली बैठक में देने के लिए कहा गया है।

## तिलक कॉलेज में बनाए जाएंगे चार विषयों के शोध केन्द्र

**नवभारत, कटनी।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस शासकीय तिलक इस स्नातकोत्तर महाविद्यालय कटनी में शोध केंद्र की स्थापना चार विषयों में हिंदी, राजनीति शास्त्र, भौतिक शास्त्र एवं वाणिज्य संख्या में रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर द्वारा किया गया है। शोध केंद्र की स्थापना होने से कटनी जिले के विद्यार्थियों की उच्च शिक्षा पीएचडी उपाधि प्राप्त करने में विशेष सहयोग प्राप्त होगा। शोध प्रकोष्ठ प्रभारी डॉक्टर माधुरी गर्ग ने बताया कि शोध केंद्र की स्थापना समाज और शैक्षिक व्यवस्था के बौद्धिक विकास की आधारशिला है शोध केंद्र के माध्यम से नए तथ्यों सिद्धांतों और अवधारणाओं का विकास होगा विद्यार्थियों के चिंतन विश्लेषण क्षमता और नवाचार की प्रवृत्ति में निरंतर वृद्धि होगी उनमें आत्मनिर्भरता और प्रतिस्पर्धा का भाव जागृत होगा। शोध केंद्र की स्थापना कटनी जिले के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। जिले के सभी शासकीय अशासकीय महाविद्यालय के शैक्षणिक संवर्ग में हर्ष और उत्साह का वातावरण है।

